## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने आरक्षण देने का झूठा षडयंत्र वोट के खातिर किया था: सांसद



**सतना।** संसद की अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण संबंधी समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ सांसद गणेश सिंह ने अपने जारी एक बयान में कहा है कि मध्य प्रदेश की कांग्रेस मात्र अध्यादेश लाकर प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का जो झूठा षडयंत्र वोट के खातिर किया था,जिसे हाईकोर्ट ने तत्काल रोक दिया अंत में सर्वोच्च न्यायालय ने भी दायर याचिका को खारिज कर दिया,कांग्रेस ने दुबारा विधानसभा में एक बिल पास कराया उसमें ओबीसी की कुल जनसंख्या प्रदेश में 27 प्रतिशत है,इस बिल को कोर्ट में चैलेंज कर दिया गया अगर सही आंकड़े जनसंख्या का देते तो कोर्ट एक बार पक्ष में निर्णय ले सकती थी,वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय की 50 प्रतिशत का कैप लगा हुआ है यदि उससे बाहर निकलना है तो सही आंकड़ों के साथ विधानसभा में फिर एक बार बिल लाना होगा। सांसद श्री सिंह ने आगे यह भी कहा है कि कमलनाथ जी की सरकार पिछड़ों को लॉलीपॉप पकड़ा कर वोट लेना चाहती थी किंतु उनकी साजिश का पर्दाफास हो गया,बिना अध्ययन के बिना तैयारी के पहले अध्यादेश फिर आधा अधूरा बिल विधानसभा में पास कराया,उन्हें पता था कि कोर्ट रोक देगा लेकिन उसी बीच हुए चुनाव में वोट लेने के लिए यह षड्यंत्र किया गया। कांग्रेस जो आजादी के बाद से लेकर हर मोड़ में ओबीसी का विरोध किया पहले संविधान में आरक्षण का प्रावधान नहीं होने दिया,कमीशन बनाया गया,उनकी रिपोर्ट नहीं लागू किया,जब मंडल आयोग की सिफारिश बी.पी. सिंह की सरकार ने लागू किया तो राजीव गांधी ने संसद में 2घंटे तक आरक्षण का विरोध किया,जातीय गणना को नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक सभी ने रोका अब कांग्रेस के सहजादे घडियाली आंसू बहाते हुए घूम रहे हैं जिसे देश का ओबीसी भलीभांति जानता है। देश में ओबीसी के लिए अभी तक जो भी हुआ है,वह भाजपा के समर्थन वाली सरकार या मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद हुआ है। जातीय गणना का साहस भरा निर्णय मोदी जी ने लिया है,यह उनकी सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है यही सपना बाबा साहब ने देखा था,जो मोदी जी ने पूरा किया है और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत का आरक्षण ओबीसी को दिलाने के लिए पूर्णतः वचनबद्ध हैं और वे करेंगे।

### मैहर जिले में अब तक 217.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 6 जुलाई 2025 तक 217.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 211 मि.मी., मैहर में 184.4 मि.मी. एवं रामनगर में 258.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 171.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### महिला ने टमस नदी में लगाई छलांग पति भी कूदा

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक पति-पत्नी की जान पुलिस और मछुआरों की सूझबूझ से बच गई। त्योंधरी निवासी 23 साल की प्रियंका रावत ने माधवगढ़ स्थित पुल से टमस नदी में छलांग लगा दी। पत्नी को कूदते देख पति प्रदीप रावत भी नदी में कूद गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत कोलगवां थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह ने नदी में छलांग लगाकर स्थानीय मछुआरों की मदद से दंपती को सुरक्षित बाहर निकाला। दोनों को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल ले जाया गया,जहां प्रियंका का इलाज चल रहा है। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की वजह सामने आई है। प्रियंका की ससुराल त्योंधरी में है। ससुराल में विवाद के बाद 5 दिन पहले सतना में किराए के कमरे में रह रही थी। शनिवार को पति प्रदीप सतना आया और कमरा खाली करा दिया। वो पत्नी को त्योंधरी ले जा रहा था,तभी नाराज प्रियंका ने नदी में छलांग लगा दी।

## मॉनसून की हलचल बरकरार, बारिश का दौर जारी रहने की संभावना

# बारिश का कहर: शहर और ग्रामीण इलाकों में जलभराव

सतना।

इस समय मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय है और जिले में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। अगले कुछ दिनों तक भी ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। वर्तमान में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है।





भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार,अगले 24 से 48 घंटों में भी गरज-चमक के साथ छिटपुट से लेकर कुछ स्थानों पर भारी बारिश देखने को मिल सकती है। तापमान की बात करें तो दिन का अधिकतम तापमान 30-32 डिग्री सेल्सियस के आसपास और न्यूनतम तापमान 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है,जिससे मौसम में हल्की उमस भी बनी रह सकती है।

### चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर, रामघाट और दुकानें जलमग्न

चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने से रामघाट की 100 से अधिक दुकानें पानी में डूब गईं। तुलसीदास घाट और आरती स्थल भी जलमग्न हो गए हैं,जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने घाट किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क किया है।

### कई इलाकों में जलभराव

सतना में हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के बाद शहर के कई इलाकों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भर गया है,जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### स्मार्ट सिटी के मुख्य चौराहे बने तालाब, घरों में घुसा पानी

कुछ ही घंटों की बारिश में शहर के प्रमुख चौराहे जैसे सर्किट हाउस चौराहा और गौशाला चौक तालाब में तब्दील हो गए। भरहुत नगर,शेरगंज,श्रीधाम आश्रम,और रैगांव क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया,जिससे घरेलू सामानों का भारी नुकसान हुआ है। नगर निगम की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### बकिया डैम के गेट खोले गए, नदी-नाले उफान पर

भारी बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर आ गए हैं,जिसके बाद बकिया डैम के 14 गेट खोलने पड़े। इससे निचले इलाकों में जलस्तर और बढ़ गया है। सतना नदी से लगे धवारी अहिरान मोहल्ले में चारों ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है।

### उमरी और बगहा इलाके के घरों में घुसा पानी

शहरी क्षेत्र के उमरी और बगहा इलाकों में कई घरों के अंदर बारिश का पानी घुस गया है। इसके अलावा ,कई कॉलोनियां भी तालाब जैसी दिखाई देने लगी हैं,जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

### जिले में अब तक 222.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में इस वर्ष 1 जून से 6 जुलाई तक 222.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 375.9 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 164 मि.मी.,बरौंधा(मझगवां) में 197.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 101 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 183.4 मि.मी.,नागौद में 339.3 मि.मी.,जसो (नागौद) में 72.2 मि.मी.एवं उचेहरा में 338.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 125.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

### धारकुंडी आश्रम के अंदर घुसा पानी

धारकुंडी आश्रम में भी सैलाब का कहर देखने को मिला है,जहाँ आश्रम के अंदर बारिश का पानी घुस गया। साधु-संतों के ठहरने के स्थान भी डूब गए।

# चितहरा-सतना रेल खंड में ट्रेन से टकराया बाघ का शावक

**5 साल के शावक के पिछले हिस्से में लगी चोट**

सतना।

एक बाघ का शावक ट्रेन की टक्कर से घायल हो गया। घटना मझगवां रेंज के हजारा नाला के पास रविवार सुबह हुई।घायल शावक की उम्र लगभग 5 साल है। वन विभाग को सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंची।शावक के पिछले हिस्से में चोट लगी है। वन विभाग की टीम उसे इलाज के लिए मुकुंदपुर जू सेंटर ले गई।ये घटना चितहरा-सतना रेल जंक्शन के बीच हुई। अभी तक ये पता नहीं चल पाया है कि किस ट्रेन से टक्कर हुई।



### 2016 में बाघ की ट्रेन से टकराकर हुई थी मौत

इससे पहले भी इस क्षेत्र में दिसंबर 2016 में एक बाघ की ट्रेन से टकराकर मौत हो चुकी है। बताया जाता कि यहां पर जंगली जानवर बड़ी संख्या में विचरण करते रहते हैं। कई बार बाघ यहां पर ट्रेन की चपेट में आने से बचे भी हैं।

# मातमी पर्व मोहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया

सतना।





माध्यमिक पर्व मुहर्रम रविवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान ताजिए निकाले गए। इसके अलावा जुलूस भी निकल गए। जगह-जगह लंगर का भी आयोजन किया गया था। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले भर में जगह-जगह सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है और इसकी 10 तारीख को यौम-ए-आशूरा कहा जाता है। इस दिन पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की कर्बला में शहादत हुई थी। इसी शहादत को याद करने के लिए मोहर्रम को मातम के तौर पर मनाया जाता है,न कि किसी त्योहार की तरह। सतना में भी इस दिन शहर के विभिन्न मोहल्लों से ताजिए और सवारियां निकाली गईं,जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कर्बला शरीफ पहुंचीं। इस दौरान लोग या हुसैन,या अली के नारे लगाते हुए मातम मनाते हैं। कई जगहों पर अलाव भी खेला गया जिसमें बच्चे और युवा दहकते अंगारों पर चलते हुए अपनी अकीदत का इजहार करते हैं। मोहर्रम के दौरान लंगर और फातिहा का सिलसिला भी चलता है,और मुस्लिम समुदाय के लोग इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद करते हैं। सतना में भी सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिलती है,जहां कई बार दूसरे समुदाय के लोग भी इस पर्व में शामिल होते हैं।

## एकेएस विश्वविद्यालय के कृषि छात्रों का रावे कार्यक्रम के तहत अटैचमेंट



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के कृषि संकाय द्वारा संचालित ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव रावे कार्यक्रम के अंतर्गत आज बीएससी कृषि सातवें सेमेस्टर के छात्रों का सतना ज़िले के 14 चयनित गाँवों में अटैचमेंट प्रारंभ किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को ग्रामीण कृषि परिवेश से जोड़ना और उन्हें खेती-किसानी की व्यावहारिक समझ प्रदान करना है। सभी छात्र अपने-अपने निर्धारित गाँवों में पहुँचे, जहाँ उन्हें आगामी कुछ सप्ताह तक रहकर किसानों के साथ कार्य करना है।कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले दिनों में छात्र फसल प्रबंधन,मृदा परीक्षण,पशुपालन,किसान इंटरव्यू,कृषि जागरूकता कार्यक्रम आदि गतिविधियाँ करेंगे। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उम्मीद जताई कि यह अनुभव उनकी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न
### बूथ स्तर तक संगठन निर्माण का लिया गया संकल्प



**सतना।** आम आदमी पार्टी सतना जिला इकाई की मासिक कार्यकारिणी बैठक 6 जुलाई 2025,रविवार को दोपहर 1 बजे जिला कार्यालय रीवा रोड (कलकत्ता नर्सरी के बगल) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ.अमित सिंह ने की तथा विशिष्ट उपस्थिति जिला प्रभारी प्रमोद शर्मा की रही। बैठक में संगठनात्मक मजबूती,बूथ,सेक्टर,ब्लॉक एवं विधानसभा स्तर की गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन की रणनीति भी तय की गई,जिसमें सतना नगर निगम की लापरवाही,सीवर और जलभराव की समस्या, सड़क सुधार तथा जनता से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर ज़िला स्तरीय आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई।

# रोटरी क्लब ने किया पत्रकारों के लिए सीपीआर ट्रेंनिंग प्रोग्राम




सतना।

रोटरी क्लब सतना द्वारा पन्ना रोड स्थित सार्थक हॉस्पिटल सतना में पत्रकारों के लिए CPR (Basic Life Support) पर ट्रेनिगं रखी गयी जिसमे जीवन बचाओ के संदर्भ में अहम जानकारी और डेमो दिया गया रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल ने बताया कि सीपीआर एक आपात कालीन प्रक्रिया है जो छाती के संकुचन और बचाव सांसों को जोड़ती है ताकि मैन्युअल रूप से रक्त और ऑक्सीजन को उस व्यक्ति तक पहुंचा जा सके जिसका दिल धड़कना बंद हो गया है या वह प्रभावी ढंग से सांस नहीं ले पा रहा है यह जीवन रक्षक तकनीक है जिसका उपयोग पेशेवर चिकित्सा सहायता आने तक रक्त संचार और ऑक्सीजन को बनाए रखने के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम में अपने कुशल अनुभव से डॉ वी के गांधी,डॉ सुनील खारकुर,डॉ विजेता राजपूत डॉ सुमित अग्रवाल ने सबको एक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया। सतना शहर के सभी पत्रकार बंधुओ ने भी इस ट्रेनिंग में अपनी साहभागिता दी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के संयोजक हरिओम गुप्ता,अमित सोनी,और कमल पुरुस्वानी थे। सतना एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स का इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ रोटरी अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल के उद्बोधन से हुआ,सचिव पवन गुप्ता ने सभी आगामी सभी कार्यक्रम की जानकारी सदन को दी,हरिओम गुप्ता ने सभी उपस्थित सदस्यों और पत्रकार बंधुओ का आभार व्यक्त किया ।

## आरटीओ हेड कांस्टेबल के घर शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**ऊपर सोए थे दंपती, फायर ब्रिगेड ने निकाला**



**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के जवाहर नगर में रविवार सुबह आरटीओ हेड कांस्टेबल प्रिंस तिवारी के मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।मकान का निचला हिस्सा पूरी तरह जल गया। घटना के समय घर के ऊपरी हिस्से में प्रिंस तिवारी और उनकी पत्नी सो रहे थे। नीचे से धुआं उठता देख उन्हें घटना का पता चला। नीचे उतरने का रास्ता धुएं और आग से भरा था। दंपती ने फोन से मदद मांगी। स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दंपती को सुरक्षित बाहर निकाला गया। लाखों का हुआ नुकसान मकान के निचले हिस्से में रखा फर्नीचर,इलेक्ट्रॉनिक्स समान और दस्तावेज जल गए। अनुमान है कि लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। फायर ब्रिगेड ने आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है।

# सिबिल बेहतर होगी तो बैंक लोन देंगे, साहूकारों से बचें, बैंकिंग का उपयोग करें: मिंज

हरिभूमि न्यूज, सतना

अपने खाते को दूसरों के हवाले न करें. वित्तीय लेन-देन स्वयं करें, बच्चों को मोबाइल दें तो वित्तीय एप्प पर पासवर्ड गोपनीय रखें. साथ ही सिबिल बेहतर होगी तो बैंक लोन देंगे, साहूकारों से बचें, बैंकिंग का उपयोग करें. ये बात बीईयो तेज कुमार मिंज ने बजाज फाइनेंस के वित्तीय साक्षरता अभियान अर्थ सूत्र संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही.रिजर्व बैंक के निर्देशन में वित्तीय साक्षरता अभियान - अर्थ सूत्र संवाद अंतर्गत शनिवार को बजाज फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्राम पंचायत भवन, ग्राम- बाबूपुर, जनपद सोहावल में वित्तीय साक्षरता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तेज कुमार मिंज, सीनियर पुलिस अधिकारी योगेन्द्र सिंह परिहार, सरपंच रामकेश अहिरवार एवं समाजसेवी अनुराग पटनाहा, बजाज फाइनेंस के एरिया मैनेजर अमित सैनी एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे.26 जून को नर्मदापुरम से शुरु हुआ ये अखिल भारतीय कार्यक्रम, भारत के भीतरी इलाकों के गांवों में और बैंकिंग सुविधाओं से वंचित स्थानों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना हैं।कार्यक्रम में सीनियर पुलिस अधिकारी योगेन्द्र सिंह परिहार ने अपने मोबाइल के जरिए लोगों को बैंकिंग के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि मोबाइल सबके पास है, लेकिन बैंकिंग स्मार्ट तरीके से करने की जरूरत है. लालच में न फंसे. ऑनलाइन बहकावे या डर में किसी अनजाने लिंक पर क्लिक ना करें. ऐसी स्थिति में तुरंत पुलिस से या संबंधित बैंक से संपर्क करें. अपने रुपयों की सुरक्षा बहुत जरूरी है.बाबुपूर सुहावल के सरपंच रामकेश अहिरवार ने कहा कि ब्याज दर को परखने के बाद ही लोन लें. किस्त को समय से चुकाते हैं तो




आपकी सिबिल ठीक होगी और आगे भी लोन मिल सकेगा. कर्ज उतना ही लें, जितना चुका सकेंगे.ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तेज कुमार मिंज ने वित्तीय साक्षरता पर ज़ोर देते हुए कहा कि लोन वाली लिंक पर क्लिक न करके सीधे ऑफिस से संपर्क करें. अपने खाते को सुचारू रूप से चलाएं.समाजसेवी अनुराग पटनाहा ने कहा कि में बैंकिंग से कई सालों से जुड़ा हूं. बैंकिंग का उपयोग करें, लेकिन जिम्मेदारी के साथ. अपने खाते को खुद ऑपरेट करें. ऑनलाइन बैंक के एप डाउनलोड करें और उनका उपयोग करें. किसी को अपने आधार कार्ड और पेन कार्ड न सौंपे.कार्यक्रम की शुरुआत में बजाज सतना ब्रांच के एरिया मैनेजर अमित सैनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला. अमित सैनी ने कहा कि बजाज ग्रुप अपनी सेवा के 100 साल पूरे कर चुका है. इस उपलक्ष्य में वित्तीय समावेशन की प्रतिबद्धता के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए हम पैन-इंडिया वित्तीय साक्षरता अभियान चला रहे हैं.बजाज फाइनेंस बजाज फिनसर्व समूह की एक प्रमुख कंपनी है, जो निजी क्षेत्र की एक सबसे बड़ी एनबीएफसी है। हमारे 10 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं, जिनमें से 7 करोड़ ग्राहक बजाज के ऐप पर हैं। हम भारत भर में 4200 से अधिक स्थानों पर उपस्थित हैं और ऋण, जमा, भुगतान, बीमा और निवेश समाधान प्रदान करते हैं। हमारा उद्देश्य न केवल वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है, बल्कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है। हम वित्तीय समावेशन के लिए प्रतिबद्ध हैं और लोगों को वित्तीय प्रणाली से जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। हम 2.6 करोड़ से अधिक ग्राहकों को वित्तीय प्रणाली में लाए हैं. हमने ग्राहकों को अपने पहले घर, पहले दोपहिया वाहन खरीदने और आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने में मदद की है। हमारे अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय प्रणाली से जोड़ना और वित्तीय प्रणाली के प्रति साक्षर करना है. हम ग्रामीण क्षेत्रों और सघन भौगोलिक क्षेत्रों में जाएंगे और लोगों को मूल वित्तीय बातों के बारे में शिक्षित करेंगे। हम क्षेत्रीय संस्कृति और कला के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग के उपयोग के लाभ से परिचित करवाने के लिए अभियान चला रहे हैं. इस अभियान के तहत हम देश के 100 हिस्सों में जाएंगे. रीवा संभाग की बात करें तो हम सतना, कटनी, मैहर जिलों एवं इन जिलों के सुदुर क्षेत्र की मझगवा, पाटन, सुहावल, मैहर में वित्तीय साक्षरता अभियान चलाएंगे. सतना! रिजर्व बैंक के निर्देशन में वित्तीय साक्षरता अभियान - अर्थ सूत्र संवाद अंतर्गत बजाज फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्राम पंचायत भवन, ग्राम- बाबूपुर, जनपद सोहावल में वित्तीय साक्षरता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तेज कुमार मिंज, सीनियर पुलिस अधिकारी योगेन्द्र सिंह परिहार, सरपंच रामकेश अहिरवार एवं समाजसेवी अनुराग पटनाहा, बजाज फाइनेंस के एरिया मैनेजर अमित सैनी एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे.

# अमानगंज किशनगढ़ मार्ग पर बड़ा दर्दनाक सड़क हादसा प्रशासनिक चार पहिया वाहन की टक्कर से एक की मौत

अमानगंज।

अमानगंज किशनगढ़ मार्ग झगरा मोड़ पर रविवार दोपहर 2 बजे के करीब एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। झगरा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकल सवार ग्राम गड़ौखर निवासी गयासी चौधरी पिता कलुआ चौधरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा तेज रफ्तार प्रशासनिक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से हुआ। वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसमें मोटर साइकिल के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुँच गए और आक्रोश में आकर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जैसे ही पुलिस को सूचना लगी तत्काल थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के साथ समस्त पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने दोषी वाहन चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की माँग कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों को समझाइश दी और जाम समाप्त कराने के प्रयास शुरू किया। पुलिस का कहना है कि वाहन और चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जाँच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है। इस दर्दनाक घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।







## पुलिस ने रैपुरा थाना क्षेत्र से खाद्यान चोरी करने वाले 2 आरोपी को किया गिरफ्तार

# आरोपियों के कब्जे से 4 क्विंटल 50 किलो चना एवं घटना में प्रयुक्त साइकिल जप्त




पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में घटित हुई चोरी की वारदातों के खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना रैपुरा के एक प्रकरण में खाद्यान चोरी करने वाले 02 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर चोरी हुआ 04 क्विंटल चना बरामद किया गया है। मामले में फरियादी जीतेन्द्र सिंह पिता हलके राजा बुंदेला निवासी इमलिया थाना रैपुरा ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 4-5/7/2025 की दरमियानी रात्रि मे अज्ञात चोरों द्वारा 04 क्विंटल 50 किलो चना चोरी कर लिया गया है फरियादी की रिपोर्ट पर 'थाना रैपुरा में अपराध क्रमांक 157/25 धारा 331(4), 305 इदे' का कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी रैपुरा उप निरी संतोष यादव द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार चोरी गया खाद्यान एवं अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । पुलिस द्वारा किए गए सार्थक प्रयासों एवं मुखबिर सूचना के परिणाम स्वरूप पुलिस द्वारा 02 संदेही को चिन्हित किया जाकर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पुलिस द्वारा संदेहियो से पूछताछ किये जाने पर संदेही व्यक्ति द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी हुआ खाद्यान 04 क्विंटल 50 किलो चना एवं घटना मे प्रयुक्त साइकिल बरामद की जाकर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है ।

**गिरफ्तार आरोपी-** 01लखन यादव पिता मुन्नी यादव निवासी सोनमक्ला 02 सुम्मेर यादव पिता मुन्नी लाल यादव

**'सराहनीय योगदान'** - उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा संतोष यादव एवं उनके स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



## अजयगढ़ में हजरत इमाम हुसैन की शहादत को किया गया याद, अलाव और ताजिया जुलूस के साथ मनाया गया मोहर्रम

**अजयगढ़।** इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम के साथ नए साल का आगाज होता है। अजयगढ़ में इस पवित्र महीने को बड़े ही अकीदत और उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया गया। पुरानी कोतवाली के पीछे चांद रात से ही मोहर्रम पर्व पर नमाज-ए-ईशा के बाद तकरीर का आयोजन किया गया जो लगातार 12 दिन करीब आयोजित होता है। इस कार्यक्रम में जामा मस्जिद के इमाम हाफिज हारून रजा व हाफिज रउफ साहब व हाफिज फहीम साहब व दीगर उलमाओं ने हजरत इमाम हुसैन की जिंदगी, उनके दर्शन, हिकमत और नसीहतों का बयान किया, जिसे सुनकर जायरीन अकीदतमंद भावुक हो उठे।मोहर्रम की नौवीं तारीख, यानी 5 जुलाई को अजयगढ़ के राजा के महलन में अलाव का आयोजन किया गया। इस दौरान 6 जुलाई को सुबह हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में विशेष नमाज व दुआए की गईं। ओर शाम 6 बजे से ताजिया जुलूस का बाबा हजरत रमजान शाह बाबा की मजार से आगाज हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ कर्बला में समाप्त हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और 'या हुसैन' के नारों के साथ शहीदों को याद किया गया। जुलूस के दौरान ताजियों को पारंपरिक तरीके से सजाया गया, और अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए ओर जगह जगह पुलिस व राजस्व विभाग मौजूद रहा। जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि अजयगढ़ में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल भी पेश की।मोहर्रम का यह पर्व इमाम हुसैन के बलिदान, सच्चाई और न्याय के लिए उनके संघर्ष को याद करने का अवसर है, जो लोगों को इंसानियत और अमन का पैगाम देता है।

## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना में बीएड में अध्यनरत छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पन्ना।** भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर से संबद्धता प्राप्त स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में बीएड विशेष शिक्षा अप कोर्स संचालित है जो संपूर्ण मध्य प्रदेश में पन्ना जिले में एकमात्र महाविद्यालय है। बीएड विशेष शिक्षा अप चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परीणाम विश्वविद्यालय से जारी किया गया सत्र 2022-24 के प्राप्त सभी सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों के अनुसार जिसमे रूपेन्द्र कुमार पटेल (1583 अंक ) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और कु अंजली पटेल (1578 अंक )के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कु अनुपमा बुंदेला ने (1567 अंक) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है महाविद्यालय के संचालक डॉ अरविंद सिंह ने इन तीनों छात्रों को बधाई दी और इनके उज्वलव भविष्य की कामना की महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सौरभ अग्रवाल ने महाविद्यालय परिवार की तरफ से इनको बधाई दी और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।





# आखिरकार प्रशासन हरकत में आया, औचक घटनास्थल पहुंच लिया संज्ञान

**खबर का असर - अवरूद्ध रास्ते को अतिशीघ्र खोलने का दिया आश्वासन, कार्यवाही का इंतजार मीडिया ने गरीबों के घर पानी में डूबने को लेकर प्रमुखता से उठाया था**

पन्ना।

जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर पन्ना- पहाड़ीखेड़ा मार्ग पर ग्राम पंचायत इटवां खास के अंतर्गत आने वाले जयपाल कालोनी मड़ईयन में 5 जुलाई को बारिश से गरीबों के घर पानी में डूब गए थे। जिसके लिए ग्रामीणों ने नाले के बीच प्रभावशील लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुए, पत्थरों की बाड़ खकरी खड़ी करने के आरोप लगाए थे। जिससे कारण बारिश का पानी नाले के अवरूद्ध होने से उनके घरों में भर गया था। इस मामले को मीडिया ने प्रमुखता से उठाया था। परिणामस्वरूप प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए, घटना के दूसरे दिन सुबह ही औचक निरीक्षण किया। आला अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एसडीओ जल संसाधन विभाग, नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे और पटवारी महेंद्र पटेल ने निरीक्षण कर, पाया कि बरसाती नाले पर अतिक्रमण करते हुए बीच नाले में पत्थरों की बाड़ खकरी का निर्माण किया गया है और अन्य अतिक्रमण भी किया जा रहा है। जिस पर अतिशीघ्र कार्यवाही करते हुए, नाले के अवरूद्ध रास्ते को खोलने का आश्वासन दिया गया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है, वह यहां पर पचास से अधिक सालों से घर बनाकर रह रहे हैं। लेकिन उन्हें इस तरह से जलभराव की समस्या से नहीं जूझना पड़ा है। बल्कि बरसाती नाले के अवरूद्ध किए जाने और सिरस्वाहा बांध में पानी के जलस्तर के अनियंत्रित होने से ही इस तरह की स्थिति निर्मित होती है। विदित है कि लगातार हो रही से बारिश से ग्रामीणों में घरों में फिर से पानी भरने और अनहोनी घटित होने की आशंका को लेकर दहशत का माहौल है। अब देखना ये है कि प्रशासन आश्वासन के बाद कितनी जल्दी कार्यवाही करते हुए, बरसाती नाले के अवरूद्ध रास्ते को खुलवाकर, ग्रामीणों को दहशत से मुक्त करती है।







## भाजपा आज हर बूथ में मजबूती से खड़ी है - जिला अध्यक्ष भाजपा

# अमानगंज में याद किए गए पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी

### बड़े हनुमान मंदिर में हुआ वृक्षारोपण

अमानगंज।

भारतीय जन संघ के संस्थापक शिक्षाविद देश के महान नेता पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती आज 6 जुलाई को अमानगंज भारतीय जनता पार्टी मंडल संगठन ने नगर के साई मंडप में जिला संगठन के अध्यक्ष बृजेंद्र जी मिश्रा की मुख्य अतिथि में मनाई इसके पहले संगठन द्वारा नगर के बड़े हनुमान मंदिर में विशाल वृक्षारोपण का आयोजन किया और पेड़ों को लगाया गया इसके उपरांत कार्यशाला का आयोजन साई मंडप में आरंभ हुआँ। जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच भारत माता पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया और मंडल संगठन के साथियों द्वारा उपस्थित अतिथीतियों का सम्मान माल्य अर्पण के साथ किया और मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी द्वारा अपना स्वागत उद्बोधन रखते हुए सभी का स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेंद्र जी मिश्रा ने कहा कि श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ शिक्षा के क्षेत्र में मुखर्जी काफी मजबूत थे और एक बड़ा विश्व रिकॉर्ड शिक्षा के क्षेत्र में आपने बनाया जो आज भी सुरक्षित है देश की आजादी से पहले ही अपने देश के स्वतंत्रता की लड़ाई देश हित में लड़ी और भारत में पहली सरकार का गठन होते ही आप उद्योग व्यापारिक मंत्री नेहरू जी के मंत्रिमंडल में बने नेहरू जी ने जम्मू कश्मीर के लिए 370 का प्रावधान बनाया जिसका उन्होंने खुला विरोध करते हुए मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जन संघ का गठन किया और एक बड़ी लड़ाई लड़ी कश्मीर पहुंचते ही आपकी हत्या करवाई गई जिस धारा 370 का आपने विरोध किया उससे हमें आजादी मोदी जी ने दिलाई मोदी जी के नेतृत्व मे हमारा देश सारे विश्व में एक मजबूत देश के रूप में उभर कर सामने आया है जिसमें अब चारों ओर विकास ही नजर आ रहा है आपकी संगठन में भाजपा आज देश के कोने कोने में मजबूती से खड़ा है। मिश्राजी ने अमानगंज भाजपा मंडल की तारीफ करते हुए कहा कि यह संगठन और यहां के कार्यकर्ता अपने कार्य में काफी मजबूत है जो समय से अपने सारे काम करता है जिसका उदाहरण अपने मन की बात आयोजन के माध्यम से दिया कार्यक्रम को भाजपा संगठन के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश प्रतिनिधि जयप्रकाश जी चतुर्वेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी एक प्रखर हिंदूवादी नेता होने के साथ-साथ देश में एक संविधान और दो विधान के पक्ष में नहीं थे इसका उन्होंने जमकर विरोध किया जनसंख्या की स्थापना की जन संघ का बीच बोया जो आज इतना बड़ा वट वृक्ष बनकर सारे देश में फैला और घर-घर भाजपा मजबूती से पहुंची इसके पीछे देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष योगदान अर्थात भाजपा संगठन देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के नेतृत्व में बड़े विकास की ओर अग्रसर है कार्यक्रम को पार्षद मुकेश जी चौबे लल्लू लाल संजय तिवारी आदि कार्यकर्ताओं ने अपने विचार दिए कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त मंडल संगठन के उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी द्वारा किया गया जबकि संचालन महामंत्री दीपक यादव जी द्वारा किया गया।





## भोपाल में बुंदेलखंड साहित्य एकादमी की स्थापना होने की पहल से चिरौलया ने किया हर्ष व्यक्त

### वर्षों पुरानी मांग हुई पूर्ण

**पन्ना।** लगभग दो दशक से भोपाल में बुंदेली अकादमी स्थापित करने की मांग को लेकर संघर्ष करने वाले बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कवि लक्ष्मी नारायण चिरौलया ने कहा कि देर ही सही लेकिन दुरस्त भोपाल में बुंदेलखंड सहित्य अकादमी स्थापित होने की पहल से चिरौलिया ने हर्ष व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को बधाई देते हुए कहा कि मेरी वर्षों पुरानी मांग पूर्ण हुई है भले उसका शीर्षक बुंदेली एकेडमी ना होकर बुंदेलखंड सहित एकैडमी नाम रखा गया। निश्चित रूप से संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने बुंदेली भाषा के उन्नयन की ओर दूर दृष्टि बनकर बुंदेलखंड साहित्य एकादमी को भोपाल में स्थापित करने की शुरुआत की तो निश्चित रूप से उन्होंने बुंदेली भाषा को उसके हक के अनुसार मान सम्मान देकर बुंदेलखंड वासियों का कर्ज चुकाने का भरसक प्रयास किया है तो वह बधाई के पात्र बन जाते हैं !अंत में बुंदेली साहित्य संस्कृति परिसद पन्ना के संयोजक श्री चौराया ने बताया संक्षिप्त में बताया कि बुंदेली एकेडमी अर्थात बुंदेलखंड साहित्य एकादमी की मांग को लेकर बीते दो दशकों में जो प्रयास किए संस्कृति मंत्री श्री लोधी को उन प्रयासों से अवगत कराया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### ट्रक फंसने ने घंटों लगा रहा जाम



**गुनौर।** नगर परिषद गुनौर में मण्डी तिराहा के पास ट्रक फसने से घण्टों जाम लगा रहा गुनौर से अमानगंज आने जाने वाले राहगीरों निकलने के लिए को घण्टों इंतजार करना पड़ा चुकी इस सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है बाहन निकलने के लिए उचित व्यवस्था न होने के कारण आए दिन गाड़ियां फसने की समस्या बनी रहती है जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है प्रशासन इस पर ध्यान दे जिससे बारिश के मौसम में ऐसी समस्या बार बार उत्पन्न न हो ठेकेदार दार द्वारा सड़क निर्माण के साथ साथ वाहन निकले की उचित व्यवस्था करें जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और सड़क निर्माण कार्य भी समय से पूर्ण हो सके।

### भाई ने भाई के साथ की मारपीट थाने में मामला दर्ज

**अमानगंज।** ज्ञात हुआ है कि फरियादी किशोरी लाल ओमरे पिता स्व. काशीराम ओमरे उम्र 60वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01 पतारा मोहल्ला ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया में उक्त पते पर रहने वाला हूं और मैं अपने घर पर आटा चक्की का काम करता हूँ बड़े भाई रामकृपाल ओमरे ने आटा चक्की के विवाद से लेकर छोटे भाई किशोरी लाल ओमरे के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी जिससे फरियादी बुरी तरह जख्मी हो गया जिससे उसके हाथ मे गंभीर चोट आई है जिसकी रिपोर्ट थाना अमानगंज मे फरियादी द्वारा की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज मे मारपीट की धाराओं सहित मुकदमा दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है।

### माँ सरस्वती लाइब्रेरी का हुआ फीता काटकर शुभारम्भ



**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर अंतर्गत माँ सरस्वती लाइब्रेरी का शुभारम्भ किया गया है जिसमे उमेश शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, रिटायर्ड प्राचार्य रामलखन शुक्ला, एवं प्राचार्य जिगदहा रामबली सिंह माझी के कर कमलों के द्वारा फीता कर शुभारम्भ किया गया इस कार्यक्रम मे अन्य अध्यापक एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच कार्यक्रम को किया गया। साथ ही श्री शुक्ला जी द्वारा सरस्वती वंदना को उच्चारण करते हुए कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। एवं नगर वासियो से अपील है की अपने जिन विद्यार्थियों को लाइब्रेरी ज्वाइन करना है शीघ्र ज्वाइन कर ले जिससे जो ऑफर दिया गया है उसका लाभ भी मिल सके। विद्यार्थी अपना लाइब्रेरी मे समय से आकर लाभ उठायें और अपना उज्जवल भविष्य बनायें। आप सभी को लाइब्रेरी ज्वाइन करने के लिए संपर्क करें।

### मुस्लिम पर्व मोहर्रम पर पवई में निकले ताजिया



**पवई।** मुस्लिम पर्व मोहर्रम पर पवई नगर मे 06 जुलाई 2025 रविवार को नन्ही पवई वार्ड क्रमांक 01,03 ,05 , 07 ,13 , 14 ,15 वेयर हाउस तरफ से तथा पवई नगर के विभिन्न वार्डों से पूरी सजावट के साथ मिलौनीगंज में ताजिया एकत्रित हुए जहाँ सांस्कृतिक आयोजनों के साथ लाठी प्रदर्शन एवं अन्य खेल खेले गए । मिलोनीगंज हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने से झंडा बाजार पवई की ओर रवाना होकर नगर भ्रमण के उपरांत अन्तिम कार्यक्रम हेतु रात्रि में नदी की ओर रवाना हुए ताजियों के साथ सैकड़ो की संख्या में माताएं बहने नवयुवक एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ताजियों के बीच मिलौनीगंज में सांस्कृतिक आयोजन एवं शक्ति प्रदर्शन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### पवई जेल में बंद विचाराधीन कैदी की संदिग्ध मौत पर बवाल



**पवई।** पवई थाना क्षेत्र में एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों ने उप जेल पवई के सामने शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया और जेल व वन विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की मजिस्ट्रियल जांच की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पवई एसडीएम, एसडीओपी समेत प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने की कोशिश की गई।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में पुलिस के सामने चले लाठी-डंडे

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम अतानिया में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट की घटना हुई। विवाद को शांत करने पहुंची पुलिस के सामने यह मारपीट हुई, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्राम श्यामरी के पास अतानिया में यादव समुदाय के दो परिवारों के बीच जमीन के कब्जे को लेकर विवाद शुरू हुआ। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक पक्ष ने दूसरे गांव से 50 से अधिक लोगों को बुलाकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से हुई इस मारपीट में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। विवाद को रोकने पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस के सामने हमलावरों ने आक्रमण किया। वायरल वीडियो में दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और हिंसक झड़प साफ दिखाई दे रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में लिया है और पीड़ितों की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### जिला स्तरीय पर्यटन क्विज 1 अगस्त को, पंजीयन की अंतिम तिथि 18 जुलाई

छतरपुर। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सहयोग से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 1 अगस्त 2025 को आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. प्रजापति ने बताया कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में जिले के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पर्यटन एवं संस्कृति से परिचित कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस क्विज प्रतियोगिता की प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी ने बताया कि प्रत्येक स्कूल से एक टीम आमंत्रित है। 1 अगस्त 2025 को लिखित परीक्षा के बाद 6 टीमें चयनित कर उसी दिन मल्टीमीडिया क्विज का आयोजन किया जाएगा। इन चयनित 6 टीमों को मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों को घूमने का मौका मिलेगा। क्विज मास्टर नीरज कुमार खरे ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए पंजीयन ऑनलाइन प्रारंभ हो चुके हैं। जिनकी अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025 है। सभी शासकीय, अशासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल अपने-अपने विद्यालय के तीन छात्रों की एक टीम का पंजीयन निर्धारित तिथि के पूर्व पर्यटन बोर्ड पोर्टल पर करा सकते हैं। पंजीयन की लिंक प्राचार्यों को उपलब्ध करा दी गई है।

### खजुराहो मिनरल्स ने बैदपुर और कुंवरपुरा में बांटे 2000 फलदार पौधे



छतरपुर। खजुराहो मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की। कंपनी ने ग्राम बैदपुर और कुंवरपुरा में ग्रामीणों, किसानों और शासकीय स्कूलों को 2000 उन्नत किस्म के फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण किया। वनखंड माचीगढ़, वन परिक्षेत्र जतारा के वन कक्ष क्रमांक 262 में डायस्पोर और पायरोफिलाइट खनन के लिए स्वीकृत खदान संचालित करने वाली खजुराहो मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने सामाजिक दायित्व के तहत यह कदम उठाया। ग्राम बैदपुर में ग्रामीणों, किसानों और शासकीय स्कूलों को उन्नत किस्म के फलदार वृक्ष निःशुल्क प्रदान किए गए। इसी तरह, ग्राम कुंवरपुरा में भी ग्रामीणों और स्कूलों को पौधे वितरित किए गए। कंपनी ने ग्रामीणों से इन पौधों की देखभाल करने का आग्रह किया ताकि गांवों में हरियाली बनी रहे और पर्यावरण सुरक्षित रहे। यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीणों को फलदार वृक्षों से दीर्घकालिक लाभ भी प्रदान करेगी।

### हाट बाजार में फल विक्रेता महिला पर लोहे की रॉड से हमला



छतरपुर। शहर के मेला ग्राउंड में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में फल की दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दरअसल एक युवक ने लोहे की रॉड से महिला दुकानदार पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया गया है कि तमराई मोहल्ला निवासी श्यामदेवी पत्नी रवि कुशवाहा, अपने पति के साथ हाट बाजार में फल की दुकान लगा रही थीं।

## अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 170 लीटर शराब और 4 वाहन जब्त

**बिजावर, बाजना और बक्सवाहा थानों की कार्रवाई में 5 आरोपी गिरफ्तार, 9 लाख की संपत्ति जब्त**

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ कड़ा अभियान चलाते हुए बिजावर, बाजना और बक्सवाहा थाना क्षेत्रों में 170 लीटर अवैध शराब, चार वाहनों सहित कुल 9 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की।





हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

इस कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, और उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए।
बिजावर पुलिस ने बछरगांय रोड, नारायणपुरा तिगड्डे के पास अस्थाई नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर कार की तलाशी ली, जिसमें 63 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी सिविल तिवारी, पिता राममिलन तिवारी, निवासी मोहनगंज, बिजावर को गिरफ्तार किया गया। शराब और तस्करी में प्रयुक्त कार जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। वहीं बाजना थाना पुलिस ने एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को चेकिंग पॉइंट पर रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक भागने का प्रयास करने लगा। ग्राम हतना के पास खड़ी कार से 72 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। कार जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया, और फरार आरोपी की तलाश जारी है। इसी तरह बक्सवाहा थाना पुलिस ने बम्होरी गांव में दो मोटरसाइकिलों पर अवैध शराब तस्करी कर रहे आशु राय, पिता रमेश राय, निवासी सड़वा (हाल बम्होरी) और अर्जुन बंसल, पिता रतन बंसल, निवासी बम्होरी से 26 लीटर शराब और मोटरसाइकिल जब्त की गई। इसके अलावा, लाल घाटी के पास कृष्ण पाल सिंह ठाकुर, पिता प्रतिपाल सिंह, निवासी उड़वा, जिला पन्ना और रविंद्र राय, पिता रामदीन, निवासी बिलगांव, थाना बिजावर से 9 लीटर शराब और मोटरसाइकिल बरामद की गई। चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई और उन्हें न्यायालय में पेश करने के लिए पाबंद किया गया।उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत छतरपुर पुलिस ने हाल के महीनों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत 75 प्रकरण और आबकारी अधिनियम के तहत 2000 से अधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। इस दौरान 52 क्विंटल से अधिक अफीम के पौधे, 1000 किलोग्राम गांजा, 500 से अधिक नशीली सिरप की शीशियां, 200 से अधिक नशीली टैबलेट और इंजेक्शन, तथा 15,000 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की गई है। यह कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों और नशाखोरी के खिलाफ पुलिस की सतर्कता और कठोर रुख को दर्शाती है।

**सरपंच, सचिव और पंचायत इंस्पेक्टर पर फर्जी बिलों से राशि निकालने का आरोप**

## ग्राम पंचायत देरी में हुआ लाखों का गबन



हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

छतरपुर जनपद की ग्राम पंचायत देरी में सीसी रोड और नाली निर्माण के नाम पर 16 लाख 81 हजार रुपये की राशि फर्जी बिलों और तारीखों के जरिए गबन करने का गंभीर आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इस मामले में ग्रामीणों और पूर्व सरपंच के पति ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से शिकायत कर जांच की मांग की है। ग्राम पंचायत देरी में पिछले साल बनाई गई सीसी रोड बारिश में बह गई, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस रोड के लिए 3 लाख 50 हजार रुपये का फर्जी बिल वाउचर बनाकर राशि निकाली गई। इसके अलावा, पंचायत के अंतर्गत विद्यापुरम में सीसी रोड और नाली निर्माण के नाम पर 10 लाख रुपये और अन्य नाली कार्यों के लिए 16 लाख 80 हजार रुपये फर्जी तरीके से निकाले गए। ग्रामीणों ने सरपंच राजाराम उर्फ योगेंद्र अहिरवार, सचिव गोविंद दास रावत और पंचायत इंस्पेक्टर पर मिलीभगत का आरोप लगाया है, दावा करते हुए कि फर्जी व्यक्तियों के नाम पर राशि निकालकर हड़प ली गई और विकास कार्यों में कोई प्रगति नहीं हुई। पूर्व सरपंच के पति कौशलेंद्र सिंह चंदेल ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शिकायती आवेदन सौंपा, जिसमें फर्जी बिलों और गबन की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है।



## फ्रांस और इटली में भी मनाया गया पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मदिन

**खजुराहो।** विश्व प्रसिद्ध बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मदिन फ्रांस और इटली में दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर और मतंगेश्वर सेवा समिति, खजुराहो के तत्वावधान में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और भजन कीर्तन में हिस्सा लिया, जिसने सभी को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद रामचरितमानस और सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया, जिसमें भजन मंडली के कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजक पंडित सुधीर शर्मा ने बताया कि सुंदरकांड पाठ से आत्मिक और भौतिक ज्ञान का विकास होता है, जो भक्तों को जीवन में सकारात्मकता प्रदान करता है। कार्यक्रम में योग प्रोफेसर कैफी और प्रोफेसर क्यारा का अर्हम योग समिति द्वारा सम्मान किया गया। सुरेंद्र गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं को बागेश्वर धाम की विशेषताओं और इसके आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।



## खराब सड़कों के खिलाफ ग्रामीणों ने किया अनोखा प्रदर्शन

### सड़क पर पानी भरे गड्ढों में बैठकर किया कीर्तन, मरम्मत की मांग

**छतरपुर।** खजुराहो से सटे ग्राम खर्रोही, उदयपुरा, और धनुपुरा को जोडऩे वाली सड़क की जर्जर स्थिति ने ग्रामीणों के लिए आवागमन को दुष्कर बना दिया है। बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है और बरसात में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या को उजागर करने के लिए शनिवार को ग्रामीणों ने पानी भरे गड्ढों में बैठकर कीर्तन किया और इस अनोखे प्रदर्शन के माध्यम से मरम्मत की मांग की गई। स्थानीय निवासी प्रवीण जैन ने बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि आवागमन लगभग असंभव हो गया है, खासकर बारिश के मौसम में। ग्रामीणों ने गड्ढों में बैठकर और वीडियो बनाकर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। उनका कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण के वादे करते हैं, लेकिन बाद में कोई कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई, तो वे और बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

## गढ़ोई-भड़ाटोर मार्ग पर ट्रकों की टक्कर, कंटेनर चालक की हुई मौत

### तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर ढाबे के पास हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच

छतरपुर।



जिले के बक्सवाहा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कंटेनर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार के कारण हुए इस हादसे ने सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं, और स्थानीय लोगों ने स्पीड ब्रेकर व पुलिस गश्त की मांग उठाई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह करीब 5 बजे, गढ़ोई-भड़ाटोर मार्ग पर ड्राइवर ढाबे के सामने एक कंटेनर यूपी 94 एटी 0179 और आयशर ट्रक एमपी 06 जी 3672 की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में कंटेनर चालक लाखन सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी थाना सोजना जिला ललितपुर उत्तर प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लाखन सिंह का शव केबिन में बुरी तरह फंस गया, जिसे डेढ़ घंटे की मशक्कत और जेसीबी मशीन की मदद से निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य में सहयोग किया। वहीं आयशर ट्रक का चालक और क्लीनर घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया था। बक्सवाहा पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

## अन्नपूर्णा रामलीला समिति मनाएंगी 75वां अमृत महोत्सव

### 13 जुलाई को निकलेगी भव्य ध्वज यात्रा, विशाल आयोजन की तैयारियां शुरू



छतरपुर।

शहर की श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति गल्ला मंडी द्वारा 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 जुलाई को एक भव्य ध्वज यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों के लिए बीती रात समिति ने नगर के प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संगठनों के साथ एक वृहद बैठक की, जिसमें इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य बनाने पर चर्चा हुई। आयोजन समिति ने बताया कि श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति पिछले 74 वर्षों से लगातार रामलीला का आयोजन करती आ रही है, और 2025 में इसका 75वां वर्ष विशेष रूप से अमृत महोत्सव महायज्ञ के रूप में मनाया जाएगा। इसकी शुरुआत 13 जुलाई को दोपहर 3 बजे मोटे के महावीर मंदिर से एक विशाल ध्वज यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा छत्रसाल चौक, महल रोड, और चौक बाजार होते हुए रामचरितमानस मैदान पहुंचेगी। यात्रा के दौरान अन्नपूर्णा मंदिर और रामलीला भवन के शिखर पर ध्वज चढ़ाया जाएगा। जिले के बड़ामलहरा, बक्सवाहा, बिजावर, राजनगर, चंदला, लवकुशनगर, हरपालपुर और नौगांव जैसे क्षेत्रों से धर्मप्रेमी ध्वज लेकर मोटे के महावीर मंदिर में एकत्रित होंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष दृगेंद्र देव सिंह चौहान ने सभी धर्मप्रेमियों से इस ध्वज यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। यह आयोजन छतरपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध करेगा।

## ग्रामीण कला एवं तकनीकी संस्थान में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**विशेषज्ञों ने बताया प्राकृतिक चिकित्सा का महत्व, हर रविवार को लगेगा शिविर**



नौगांव।

रविवार को ग्रामीण कला एवं तकनीकी संस्थान में एक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को प्राकृतिक और सस्ती चिकित्सा पद्धतियों से लाभान्वित किया गया। इस पहल का उद्देश्य प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देना और असाध्य रोगों से पीड़ित लोगों को राहत प्रदान करना था।
नवोदय विद्यालय के सामने स्थित ग्रामीण कला एवं तकनीकी संस्थान में समाजसेवी भगवान सिंह परमार द्वारा आयोजित इस शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राकेश असाटी और डॉ. अरुणा सिंह ने चिकित्सक के रूप में सेवाएं दीं। मुख्य अतिथि और पूर्व कॉलेज प्राचार्य डॉ. एल.एन. रावत ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा ऋषि-मुनियों की प्राचीन पद्धति है, जो जल, मिट्टी और देसी नुस्खों के माध्यम से रोगों का इलाज करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के संयोजक और पूर्व सीएमओ डी.डी. तिवारी ने कहा कि यह चिकित्सा असाध्य रोगों और एलोपैथिक दवाओं से निराश मरीजों के लिए जीवनदायिनी, सस्ती और आसान है। विशिष्ट अतिथि पूर्व एसडीएम के.एल. अहिरवार ने इसे स्थायी समाधान बताते हुए कहा कि इसमें भोजन और देसी नुस्खों का उपयोग होता है, और यह साइड इफेक्ट्स से मुक्त है। समाजसेवी संतोष गंगेले ने नाड़ी ज्ञान, नेति प्रक्रिया और मिट्टी पट्टी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राजेश रिछारिया, प्रबल भट्ट, आशा राम तिवारी, लल्लू तिवारी उपस्थित रहे। यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यू के बलराम रैकवार और इंद्रपाल यादव ने मरीजों का सहयोग किया और जलपान की व्यवस्था की। भगवान सिंह परमार ने बताया कि संस्थान मानवीय मूल्यों का निःशुल्क प्रशिक्षण देता है, और ग्रामीणों की मांग पर अब हर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यह शिविर नियमित रूप से लगेगा। चिकित्सा के लिए 8103688987 और 9399207329 पर संपर्क किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

## कमिश्नर आज करेंगे रीवा नगर निगम के कार्यों तथा बाढ़ तैयारियों की समीक्षा

**रीवा ।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद 7 जुलाई को सुबह 11 बजे रीवा नगर निगम के निर्माण कार्यों, शासन की प्राथमिकता वाली विभिन्न योजनाओं तथा विभागीय गतिविधियों के साथ ही बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। यह बैठक नगर निगम सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में आयुक्त नगर निगम तथा संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बॉक्स टीएल बैठक आजकलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 7 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के साथ ही आरबीसी के अन्तर्गत राहत एवं सीमांकन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी। बैठक में विभागीय अधिकारी तथा जिले के समस्त तहसीलदार भी उपस्थित रहेंगे।

## प्रताड़ना से त्रस्त स्वास्थ्यकर्मी ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु, सीएमएचओ पर गंभीर आरोप

**रीवा ।** जिला स्वास्थ्य विभाग रीवा में पदस्थ प्रभारी एपीएम शिवशंकर तिवारी ने विभागीय प्रताड़ना से त्रस्त होकर राष्ट्रपति को पत्र लिखते हुए इच्छा मृत्यु की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह कदम तब उठाया जब उनकी तमाम वैधानिक और प्रशासनिक शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई,शिवशंकर तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विभाग द्वारा उन्हें दो बार स्थानांतरित किया गया, जबकि इस पर न्यायालय से स्थगन आदेश (स्टे) प्राप्त था। इसके बावजूद ट्रांसफर को अमल में लाया गया और उनका वेतन तक रोक दिया गया। तिवारी का आरोप है कि उनसे 50 हजार की रिश्वत की मांग की गई थी, और जब उन्होंने यह देने से इनकार कर दिया, तो न केवल उन्हें पद से हटाया गया, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी गई। वेतन न मिलने के कारण तिवारी के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जुलाई सत्र में उनकी बेटियों का स्कूल में प्रवेश तक नहीं हो सका। परिवार भूखे पेट सोने को मजबूर है, और बेटियां शिक्षा से वंचित हो रही हैं।शिवशंकर तिवारी ने बताया कि उन्होंने अपनी शिकायतें जिले के कलेक्टर, संभागायुक्त और प्रभारी मंत्री तक पहुंचाई, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा, मैंने हर दरवाजा खटखटाया, लेकिन कहीं से भी राहत नहीं मिली। अब केवल मृत्यु की अनुमति ही अंतिम विकल्प बचा है। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में तिवारी ने भावनात्मक शब्दों में कहा, जब शासन-प्रशासन ही अन्याय करे और सब रास्ते बंद हो जाएं, तो जीवन व्यर्थ लगता है। अब मैं सम्मान से जी नहीं पा रहा हूं, इसलिए सम्मानपूर्वक मरने की अनुमति चाहता हूं।

## रीवा से चलने वाली दो स्पेशल ट्रेनें रद्द, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**रीवा ।** रीवा से चलने वाली दो स्पेशल ट्रेनों को समय सीमा समाप्त होने के बाद रेलवे ने रद्द कर दिया है। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। गर्मी के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने रीवा से दो स्पेशल ट्रेनें चलाई थी। पहली ट्रेन रीवा से चर्लपल्ली (तेलंगाना) के बीच समर स्पेशल के रूप में चलाई जा रही थी, जो भोपाल और नागपुर होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचती थी। इसे जून तक के लिए बढ़ाया गया था। लेकिन जून में केवल एक बार ही यह ट्रेन चली, उसके बाद इसे पूरी तरह रद्द कर दिया गया। वहीं दूसरी स्पेशल ट्रेन रीवा से बांद्रा (मुंबई) के बीच सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को चलाई जा रही थी, जिसे भी अब बंद कर दिया गया है। अब रीवा से मुंबई के लिए सिर्फ गुरुवार को चलने वाली एक नियमित ट्रेन बची है। हालांकि यह ट्रेन भी समय पर नहीं चल रही। गुरुवार को रवाना हुई ट्रेन शुक्रवार को 12:20 बजे की बजाय रात 8:44 बजे मुंबई पहुंची। वापसी में भी यह ट्रेन 12 घंटे देरी से जबलपुर होते हुए रात 10:30 बजे रीवा पहुंची।

### ट्रक से 4 क्विंटल 48 किलो गांजा बरामद, 50 लाख की खेप के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

# उड़ीसा से रीवा लाई जा रही नशे की खेप पकड़ाई

रीवा।

**रीवा पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। विश्वविद्यालय थाना पुलिस और विशेष टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए गांजे से भरे एक ट्रक को जब्त किया है।**




ट्रक से 4 क्विंटल 48 किलो गांजा बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया है। कार्रवाई शनिवार देर रात विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बायपास मार्ग पर की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में गांजा रीवा की ओर लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हितेंद्रनाथ शर्मा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर ट्रक को रोका और तलाशी ली। ट्रक के भीतर बोरियों में भरा हुआ गांजा मिला।ट्रक से गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक तस्कर अमरपाटन (जिला सतना) निवासी वीरेंद्र पटेल है, जबकि दूसरा आरोपी बलिया (उत्तर प्रदेश) निवासी रोहित सिंह बताया जा रहा है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि यह खेप उड़ीसा से लोड कर रीवा लाई जा रही थी, जहां से इसे आगे अन्य जिलों में सप्लाई किया जाना था। इस पूरे ऑपरेशन को रीवा जोन के आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह चंदेल और एसपी विवेक सिंह के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। एडिशनल एसपी आरती सिंह ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूछताछ जारी है।बॉक्सटीम को मिली बड़ी सफलताकार्रवाई में विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्रनाथ शर्मा, निरीक्षक विजय सिंह, उपनिरीक्षक अरविंद राठौर, शैल यादव सहित हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क से और कौन-कौन जुड़े हैं और इसकी डिलीवरी कहां की जानी थी।

## संजय गांधी अस्पताल में अटेंडर और वॉर्ड बॉय में मारपीट

### सीसीटीवी फुटेज वायरल, अमहिया पुलिस कर रही मामले की जांच



रीवा ।

संजय गांधी अस्पताल में वार्ड बॉय और अटेंडर के बीच जमकर मारपीट, अस्पताल के अंदर वार्ड बॉय ने तो अस्पताल के बाहर अटेंडर और उसके साथियों ने एक दूसरे से की जमकर मारपीट, सीसीटीवी फुटेज आया सामने, थाना प्रभारी बोले अभी तक नहीं आया कोई फरियादी, लेंगे स्वतः मामले में संज्ञान। वीडियो की जांचकर करेंगे कार्यवाही,अमहिया थाना क्षेत्र की घटना है, बता दे शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात एक बार फिर संभाग के सबसे बड़े संजय गांधी अस्पताल में मरीज के अटेंडर के साथ आउटसोर्स बार्ड ब्वॉय और उसके साथियों ने अस्पताल के अंदर जमकर मारपीट की जिसके बाद अस्पताल के बाहर इंतजार कर रहे अटेंडर और उसके साथियों ने वार्ड बॉय के अस्पताल से निकलते ही उस पर हमला कर दिया हालांकि अटेंडर के मरीज का नाम क्या है और किस वार्ड बॉय ने उसके साथ मारपीट की अभी तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है वही अस्पताल परिसर में बदले की भावना से वार्ड बॉय पर किए गए हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसके बाद अमहिया पुलिस ने पूरे मामले में स्वत संज्ञान लेने की बात कह रही है सीसीटीवी फुटेज में यह साफ देखा जा सकता है कि अस्पताल की बिल्डिंग से निकल रहे एक युवक को गेट नंबर 2 के पास मौजूद 6 से 7 लोगों ने बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया जिसके बाद हमलावरों के चंगुल से निकले युवक ने गेट से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा अटेंडर के साथ कई बार मारपीट की जा चुकी है लेकिन कार्रवाई न होने के चलते बेखौफ हो चुके आउटसोर्स कर्मचारियों ने एक बार फिर मरीज के अटेंडर को अपना निशाना बनाया और उसके कुछ देर बाद ही खुद ही मारपीट के शिकार हो गए। हालांकि किसी पक्ष से मामले की शिकायत थाना में नहीं की गई है, लेकिन वीडियो के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच कर सच्चाई का पता लगाने मे लगी हुई है।

## रीवा के तेजस ने अमेरिका में तिरंगा लहराया

### वर्ल्ड पुलिस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदकदेश को किया गौरवान्वित

रीवा।




देश की सरहदों की हिफाजत करने वाले जवान अब खेल के मैदान में भी तिरंगे की शान बढ़ा रहे हैं। रीवा जिले के त्योंथर तहसील निवासी और सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के जवान तेजस मिश्रा ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ देश का नाम रोशन किया, बल्कि अपने क्षेत्र विंध्य को भी गौरवान्वित किया। 30 जून से 3 जुलाई के बीच आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में तेजस ने 58 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से अमेरिका, कंबोडिया, कोलंबिया और फिलीपींस जैसे देशों के खिलाड़ियों को मात दी और फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया के प्रतिभागी को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।बॉक्स गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक का सफरतेजस मिश्रा रीवा जिले की त्योंथर तहसील के बाजरा गांव के रहने वाले हैं। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने रीवा से ही प्राप्त की। सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। आगे की पढ़ाई के लिए भोपाल का रुख किया और यहीं से खेल के प्रति उनका रुझान गंभीर रूप से विकसित हुआ। ताइक्वांडो जैसे तकनीकी और शारीरिक संतुलन वाले खेल में उन्होंने न केवल महारत हासिल की, बल्कि अपने प्रदर्शन के आधार पर सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में अपनी सेवाएं देने का अवसर भी प्राप्त किया। वर्तमान में तेजस नई दिल्ली में बीएसएफ जवान के रूप में पदस्थ हैं।बॉक्स तेजस के पिता सात भाई,पांच आर्मी में जवान तेजस का परिवार देशभक्ति और सेवा की मिसाल है। उनके पिता उमेश मिश्रा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। तेजस के परिवार में सात भाई हैं, जिनमें से चार भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। एक भाई शिक्षक हैं और एक मोबाइल रिपेयरिंग का व्यवसाय करते हैं। तेजस के चाचा वीरेंद्र मिश्रा सेना से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में गांव में सरपंच प्रतिनिधि के रूप में सक्रिय हैं, जबकि उनकी चाची गांव की सरपंच हैं।

## जुल्म के खिलाफ इंसाफ की जंग है मोहर्रम

नईगढ़ी में अकीदत और अमन के साथ मनाया गया मातमी पर्व

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी क्षेत्र में शनिवार, 6 जुलाई को मोहर्रम का मातमी पर्व पूरे अकीदत, अनुशासन और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। मुस्लिम समाज ने कर्बला की शहादत को याद करते हुए अपने-अपने घरों में कुरानखानी, फातिहा और दुआओं का आयोजन किया। इमामे हुसैन और उनके 72 साथियों की कुर्बानी को याद कर जुल्म के खिलाफ इंसाफ की मिसाल पेश की गई।इस अवसर पर शहर काजी मोहम्मद रफीक मिस्बाही ने कहा,₹मोहर्रम सिर्फ ग़म का महीना नहीं बल्कि सब्र, कुर्बानी और सच्चाई के लिए जान देने का पैग़ाम देता है। हमें हुसैनियत को अपने आचरण में उतारना चाहिए।₹उन्होंने कहा कि ताजियादारी की परंपरा भारत में तैमूर लंग के समय से शुरू हुई, जो आज भी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जाती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि ताजिया जुलूस में अनुशासन रखें और किसी भी तरह की हुल्लड़बाज़ी से परहेज़ करें।*अमन और भाईचारे का दिया पैग़ाम*रविवार को ताजिया जुलूस विभिन्न स्थानों से निकलकर किला परिसर होते हुए किला के अंदर पहुँचा, जहाँ गढ़ी परिवार के राजरतन सिंह, अजीत सिंह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह एवं अभी सिंह ने पारंपरिक रीति से ताजियों का स्वागत किया और ₹सीरीनी₹ (प्रसाद) चढ़ाया।पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन मुस्तैद रहा। कलेक्टर संजय कुमार जैन और एसपी दिलीप सोनी के निर्देश पर एसडीएम बीपी पांडे, तहसीलदार श्यामलाल मोगरे, एसडीओपी सची पाठक एवं थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर ने क्षेत्र में गश्त कर स्थिति पर नज़र रखी।*नगर परिषद व समाजसेवियों की अहम भूमिका*मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमंत त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम ने साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखा।इस मौके पर रियाजु उल हक, बृजमोहन वर्मा, संजय नामदेव और कई अन्य नगर निकाय के कर्मचारियों ने सारणी भूमिका निभाई। मुस्लिम समाज ने प्रशासन को दिया धन्यवादशासन-प्रशासन के बेहतर सहयोग को लेकर मुस्लिम समुदाय की ओर से युवा पत्रकार नसीम खान, कमरुद्दीन खान सदर जामा मस्जिद नईगढ़ी, बंदे खान, गुलशेर खान ईमाम जामा मस्जिद, अबुल कासिम, अशरफ खान, इरफान खान उर्फ रोशन, मुबारक अली, अस्ताव खान, शकील अहमद, सिराजुलहक, दिलबहार खान, चिराग अली, नौनिहाल खान, मुनीर खान समेत सैकड़ों लोगों ने आभार जताया।



## स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत वेदांता स्कूल और पचमठा घाट पर चलाया गया जागरूकता अभियान

### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान में बच्चों को दिया गया स्वच्छता का पाठ

रीवा ।





नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शुक्रवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत शहर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस क्रम में निगम की आईईसी टीम ने छत्रपति नगर स्थित वेदांता पब्लिक स्कूल में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाकर बच्चों को बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव के तरीके बताए।विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को बताया गया कि डेंगू, मलेरिया, हैजा और वायरल जैसे रोग गंदगी और रुके हुए पानी में पनपते हैं। टीम ने छात्रों से कहा कि वे खुद की सफाई के साथ-साथ घर और आसपास के वातावरण को भी साफ रखें। इस दौरान सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। बच्चों ने स्वच्छ भारत की संकल्पना को अपनाने का वचन दिया। इसी अभियान के तहत जोन क्रमांक 01, वार्ड 35 के अंतर्गत पचमठा घाट पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम की स्वच्छता टीम, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय लोगों ने मिलकर घाट क्षेत्र की सफाई की। मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द्र चतुर्वेदी, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा, सफाई मित्र और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## देवतालाब में वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन



**मऊगंज** जिले के ग्राम पंचायत देवतालाब के सचिव इंद्र दमन सिंह द्वारा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल रही वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत संमन्वयक अधिकारी गंगा प्रसाद द्विवेदी ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र उपस्थित रहे वही कार्यक्रम का संचालन काउंसलर अंबुज सिंह द्वारा किया गया सर्वप्रथम श्री सिंह द्वारा आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया तत्पश्चात सरकार की योजनाओं की रूपरेखा बनाई गई तत्पश्चात कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री मिश्र ने बैंक में खाता होना क्यों आवश्यक है इसके साथ-साथ खाते में नॉमिनी ,एवं डीबीटी, करने की सलाह दी तथा खाते में नॉमिनी का होना बहुत आवश्यक है क्योंकि जब अचानक खातेदारों की मृत्यु हो जाती है तो उनके परिवार को पैसा लेने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है इसलिए समय रहते नॉमिनी का फॉर्म जरूर करें तथा वर्तमान में साइबर फ्रॉड की घटनाएं बहुत हो रही हैं इसलिए आपके पास यदि कोई लिंक आती है तो उसे बिल्कुल टच न करें ना ही अपनी कोई भी गोपनीय जानकारी साझा करें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज श्रीमती अग्रवाल ने कहा की सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक एक महा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें हर खाता धारक को रीकेवाईसी करना अनिवार्य है जितने भी शासकीय अधिकृत कियोस्क सेंटर है वहां पर हो जाएगी स्वयं खातेदार अपना आधार कार्ड पैन कार्ड पासबुक की फोटो कॉपी एवं एक फोटो लेकर जाएं और अपनी रीकेवाईसी जरूर कर ले ताकि आपके खाते में लेनदेन में कोई कठिनाई न हो बैंक से संबंधित कोई भी कठिनाई होने पर आप लोग तत्काल मुझे सूचित करें निश्चित रूप से प्रयास किया जाएगा कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न हो कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गांव के वरिष्ठ नागरिक रमाकांत पांडे जयकुमार सिंह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चमेलिया देवी अनीता मिश्रा सोनू मिश्रा सुधा भारती चंद्रवती गुप्ता रमा भारती निर्मला कोल उर्मिला बसोर शहित कई अन्य हितग्राही उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के सचिव इंद्र दमन सिंह द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया

## हाईवे में प्रतिदिन मवेशियो की हो रही मौत, मनगवां के पास ट्रक ने पांच मवेशियों को कुचला



**रीवा।** जिले के नेशनल हाईवे में मवेशियों की की संख्या बारिश का मौसम शुरू होते ही बढ़ गई है। इसके चलते जहां सड़क दुर्घटना का शिकार आम लोग हो रहे है, तो वहीं इसके कारण कई गौवंश भी मौत का शिकार हो रहे है। गढ़ थाना क्षेत्र के एनएच में पूर्व में एक दर्जन मवेशियों की मौत ट्रेलर ट्रक की चपेट में आने से हुई थी, इसके बाद रीवा-सीधी मार्ग में खड्डा टोल प्लाजा के पास भी ऐसी ही सड़क दुर्घटना में आधा दर्जन मवेशी मौत के गाल में समा गए थे। अब ताजी घटना मनगवां हाईवे में सामने आई है। जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने 5 मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत हो गई। बताया गया कि शनिवार की अल सुबह करीब 3 बजे एक बार रीवा प्रयागराज हाईवे के मनगवा के समीप हाईवे पर मवेशियों को रौंदता हुआ एक वाहन गुजर गया जिसमें से पांच मवेशियों की मौके पर मौत हो गई और उनके खून से सड़क लाल हो गई